तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025





10 नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों ...



11 पारदर्शिता और सतर्कता का रखें ध्यान




# भोजन के बाद बेहोश हुई छात्रा की उपचार के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के दीप्ति कान्वेंट स्कूल में अध्ययनरत छात्रा की सोमवार सुबह उपचार के दौरान महारानी अस्पताल में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि धरमपुरा नंबर 1 महावीर नगर निवासी जोगा मुरमू की 16 वर्षीय बेटी मिनाती मुरमू की उपचार के दौरान मौत हो गई है। उसे 15 नवंबर की शाम अचानक से स्वास्थ्य खराब हो जाने के बाद परिजन महारानी अस्पताल उपचार के लिए लाए थे। महारानी अस्पताल में दवाई लेने के बाद परिजन बेटी को घर ले गए थे। इसके बाद 16 नवंबर को खाना खाने के बाद पढ़ाई कर रही मिनाती का तबियत पुनः खराब हो गया और वह बेहोश हो गई।

जिसके बाद परिजन बच्ची को उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले गए और भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान 17 नवंबर की सुबह बच्ची ने महारानी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मौत के उसके शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज लाया गया। मामले में मर्ग कायम कर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

दिप्ती कान्वेंट में अध्ययनरत थी छात्रा महारानी अस्पताल में उपचार के लिए किया गया था भर्ती



## खबर संक्षेप

### खरीदी के लिए जेम पोर्टल का प्रशिक्षण दिया जाएगा 19 को

**जगदलपुर।** शासकीय और अर्द्धशासकीय विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी अब जेम पोर्टल से किया जाना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डसस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर के द्वारा एक दिवसीय जेम प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 नवंबर को 11 बजे से जिला कार्यालय में होगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने यह जानकारी दी है।

### गाइडलाइन को अंतिम रूप देने बैठक होगी आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में अचल संपत्ति के बाजार मूल्य गाइडलाइन को अंतिम रूप देने के लिए महत्वपूर्ण बैठक 18 नवंबर को होगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का एजेंडा को उप जिला मूल्यांकन समिति अंतिम रूप देगा ।

### 2300 रुपए समन शुल्क लगाया, लाइसेंस निलंबित

**दंतेवाड़ा।** थाना बारसूर अंतर्गत सातधार पुल क्षेत्र में एक ब्लैक स्कार्पियो वाहन चालक को खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए पुलिस ने पकड़ा। वाहन चालक ने यातायात नियम का उल्लंघन किया। परिवहन विभाग के अनुसार आरोपी चालक से 2300 रुपए समन शुल्क वसूल कर उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी निलंबित कर दिया गया।

### आयोजन: शासकीय जगतु माहरा हायर सेकेंडरी स्कूल का शताब्दी वर्ष समारोह

# शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा : साय

सीएम ने डेढ़ करोड़ की सहायता और 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय जगतु माहरा हायर सेकेंडरी स्कूल के शताब्दी वर्ष समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। देश में प्राचीन काल से ही शिक्षा का महत्व रहा हैं। नालंदा, तक्षशिला विश्वविद्यालय जैसे संस्था में विदेश से लोग विद्या अध्ययन के लिए आते थे । बस्तर जैसे क्षेत्र में बस्तर हाईस्कूल और कांकेर के नरहरदेव स्कूल पुराने समय में शिक्षा के 2 महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1926 में जब स्कूल का निर्माण किया गया तब संसाधनों की कमी रही होगी। सौ साल की यात्रा में विद्यालय से कई होनहार छात्रों ने अलग-अलग क्षेत्रों में स्कूल का नाम रौशन किया है। वे सभी आज इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। संस्था ने उतरोत्तर विकास किया है आगे भी ऐसी ही विकास करें। मुख्यमंत्री ने राज्य गठन ▶▶| शेष पेज 10 पर





### केवल 2 स्कूल में पढ़ते थे, समूचे बस्तर के छात्र: किरण देव

*पूर्व छात्र और विधायक किरण देव ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अविभाजित बस्तर जिले में बस्तर हाईस्कूल तथा कांकेर में नरहरदेव हाईस्कूल शिक्षा के 2 संस्थान थे। जिसमें समूचे बस्तर के छात्र-छात्राएं ज्ञानार्जन करते थे। इस संस्था से पढ़ाई कर चुके पूर्व छात्र-छात्राएं आज आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर, प्राध्यापक, सफल व्यवसायी, उद्यमी के तौर पर समाज के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने इस संस्था के पुराने शिक्षक-शिक्षिकाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए नमन किया। आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य बीएस रामकुमार ने प्रतिवेदन में स्कूल के गौरवशाली अतीत के बारे में अवगत कराते कहा कि 3 मैदान में 1 बचा है। पहले की तरह तीनों रहेंगे तो काफी राहत मिलेगी।*

### शहीद हुए पूर्व छात्रों को दी श्रद्धांजलि

जगतू माहरा हायर सेकेंडरी स्कूल के सात पूर्व छात्र जो पुलिस और सुरक्षा बल में कार्यरत रहते हुए सेवा अवधि में शहीद हुए उनके छायाचित्र में मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 100 साल का सफर, यादगार लम्हा

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि आजादी के पहले 1926 में शुरू इस ऐतिहासिक स्कूल के पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाओं और पूर्व छात्र-छात्राओं के लिए यह यादगार लम्हा है। जो यहां से शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न सेवाओं के माध्यम से समाज के विकास के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे हैं। वहीं इस संस्था में वर्तमान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए यह सीखने-समझने और दीर्घानुभवी वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का सुअवसर है। उन्होंने विद्यालय के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

### जगतु माहरा के वंशज रहे मंचासीन

जगतु माहरा जिसके नाम पर स्कूल का नामकरण हुआ है। उनके वंशज अभिजित और आदर्श बघेल मंचाचीन रहे। इनका सम्मान किया गया।

## भैरमगढ़ में 13 दुकानों पर चालानी कार्रवाई, 1000 रुपए जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कोटपा एक्ट 2003 के तहत तंबाकू नियंत्रण को सख्ती से लागू करने के लिए भैरमगढ़ में स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 13 दुकानों में चालानी कार्रवाई करते हुए 1000 रूपए का जुर्माना वसूला गया। अभियान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ की डेंटल सर्जन डॉ. निकिता कश्यप, डॉ. राहुल कोसरे, डेंटल असिस्टेंट मनीष ओयम, तथा भैरमगढ़ पुलिस के 2 कांस्टेबल शामिल रहे। टीम ने बाज़ार क्षेत्र का निरीक्षण किया और दुकानदारों को तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों की अवैध बिक्री, धूम्रपान निषेध क्षेत्र में नियम उल्लंघन तथा नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचने जैसे मामलों पर चेतावनी दी।

# तमिलनाडु व डीएफए बस्तर की एकतरफा जीत

### अखिल भारतीय फुटबाल स्पर्धा के तीसरे दिन झारखण्ड व चित्रकोट ओडिशा को हार का करना पड़ा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान मे सिटी ग्राउंड में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो मुकाबले हुए। दोनों मैच एकतरफा साबित हुआ। पहले मैच में चित्रकोट ओडिशा व तमिलनाडु पुलिस के मध्य खेला गया जिसमें ओडिशा की हार हुई। वहीं दूसरा मैच डीएफए बस्तर विरूध झारखण्ड के बीच हुआ जिसमें डीएफए ने चार गोल से एकतरफा जीत दर्ज की।

सोमवार को खेले गए पहले मैच में तमिलनाडु पुलिस की ओर से जर्सी नम्बर 7 गणेश मूर्ती ने पांचवे मिनट में तथा जर्सी नम्बर 12 पदांसवरन ने 29 वें मिनट में दो गोल किए। इसके जवाब में निर्धारित समय तक चित्रकोट ओडिशा के खिलाड़ी कोई गोल नहीं कर सके। इस मैच में मुख्य निर्णायक चन्द्रशेखर ठाकुर के अलावा रविन्द्र सिंग, दीपक डहरिया व अजीत यालम रहे। स्पर्धा का दूसरा मुकाबला भी एकतरफा रहा जिसमें डीएफए बस्तर ने झारखण्ड को हराया। डीएफए की ओर से दो गोल 6 वें मिनट में तथा मैच के 46 वें मिनट में जर्सी नम्बर 15 जयराम कश्यप ने किया। वहीं मैच के 9 वें मिनट में जर्सी नम्बर 6 रोहित भारती ने तथा चौथा गोल जर्सी नम्बर 11 अमित नाग ने मैच के 85 वें मिनट में किया। डीएफए बस्तर के चार गोल के जवाब में झारखण्ड का कोई भी खिलाड़ी निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं कर पाया। इस मैच में मुख्य निर्णायक संतान अग्रवाल के अलावा प्रफुल्ल, नितेश एक्का व संतोष गाली रहे।



### तमिलनाडु पुलिस व डीएफए बस्तर सेफा में

*सोमवार को स्पर्धा का दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चित्रकूट ओडिशा को 2 गोल से हराकर तमिलनाडु पुलिस ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच डीएफए बस्तर वर्सेस चक्रधरपुर झारखंड के मध्य खेला गया जिसमें बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए डीएफए बस्तर ने चार शून्य से एकतरफ मैच जीत लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पर्धा के चौथे दिन भी दो मैच खेला जाएगा।*

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### अवैध धान परिवहन और भंडारण, 12क्विंटल जब्त



**बीजापुर।** अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने ग्राम जैतालूर में एक थोक व्यापारी के घर सह-गोदाम परिसर में निरीक्षण किया । जांच के दौरान व्यापारी तारा देवी जायसवाल के गोदाम में 12 क्विंटल बिना स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि के धान पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर मंडी एवं खाद्य निरीक्षक की उपस्थिति में धान को जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्टॉक इंट्री कृषि उपज का भंडारण मंडी अधिनियम, खाद्य सुरक्षा नियमों और समर्थन मूल्य खरीदी दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। प्रशासन ने व्यापारी को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।




## खबर संक्षेप



### केशकाल सड़क नवीनीकरण का भूमिपूजन, वेदांता ग्रुप ने संभाला कार्य

**केशकाल।** कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद केशकाल सड़क के नवीनीकरण का भूमिपूजन किया। केशकाल की जर्जर सड़क के नवीनीकरण का ठेका वेदांता ग्रुप अभनपुर रायपुर को दिया गया है वेदांता ग्रुप की रोड निर्माण की मशीनें केशकाल पहुंच गई है विधायक नीलकंठ टेकाम ने सांसद भोजराज नाग के साथ सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर नवीनीकरण कार्य की शुरुआत के लिए भूमि पूजन किया केशकाल के लोगों में अब आशा जगी है कि जल्द ही केशकाल की जर्जर सड़क का जीर्णोधार होगा एवं धूल से लोगों को राहत मिलेगी पिछले कई महीनो से धूल के कारण रोड के किनारे बसे व्यापारी एवं सुरडोंगर केशकाल के ग्राम वासी परेशान हो रहे थे। अब नवीनीकरण का कार्य शुरू हो जाने से धूल एवं जर्जर सड़क से लोगों को राहत मिलेगी।

### जंगल किनारे बाइक से गिरकर ग्रामीण घायल



**फरसगांव।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम कोर्राबड़गांव के आगे जंगल किनारे सोमवार की दोपहर बाइक सवार ग्राम खंडसरा निवासी अंतू वड्डे पिता सुकडु राम बाइक से अनियंत्रित होकर जंगल किनारे गड्ढे में गिर गया, बाइक से गिरने के चलते उसके चेहरे पर गंभीर चोट आई। जिसे उपचार हेतु फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां उसके चेहरे के नीचे गंभीर चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# एफएलएन मेला 2025 में बच्चों ने प्रदर्शित की रचनात्मकता, खेल-खेल में सीखा ज्ञान

## मां शाला तराईबेड़ा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम तराईबेड़ा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला तराईबेड़ा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन मेला 2025 का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल, अनुभव और आनंद के माध्यम से सीखने की प्रेरणा देना था। बच्चों द्वारा तैयार स्टॉल, सीखने को बनाया उत्सव यह मेला पूरी तरह बच्चों द्वारा बच्चों के लिए तैयार किया गया था। बच्चों ने हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों से जुड़ी खेल–आधारित गतिविधियों के आकर्षक स्टॉल लगाए। हर गतिविधि में सीखो, खेलो, दिखाओ के सिद्धांत का पालन किया गया। जिसने बच्चों की सीखने की इच्छा और जिज्ञासा को बढ़ाया। कार्यक्रम में न्योता भोज भी आयोजित किया गया।



### जहाँ सीखना है उत्सव, वहीं शिक्षा जीवंत

*एफएलएन मेले ने यह संदेश दिया कि सीखना केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं, बल्कि एक उत्सव और अनुभव है। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तराईबेड़ा के प्रधानपाठकों ने इस आयोजन को बच्चों की रचनात्मकता, सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली पहल बताया।*

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रेमनाथ यादव ग्राम प्रमुख, रामप्रसाद नाग पंच, ईश्वर नाग पंच, अघन सिंह मंडावी प्र.अ. माध्यमिक शाला, लगूराम प्र.अ. प्राथमिक शाला, गोपाल राम नेताम शिक्षक, सियाराम नेताम शिक्षक, पुरन सिंह यदु शिक्षक, शीतल मरकाम शिक्षिका, दसरू मंडावी सहायक शिक्षक, मुकेश नेताम सभी अतिथियों ने एफएलएन मेले के उत्कृष्ट आयोजन की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की बात कही।

## सौगात: एक अरब से अधिक के 61 कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

# नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ माओवाद समाप्ति की ओर : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोंडागांव में आयोजित मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज बूढ़ादेव महोत्सव में कुल 1 अरब 27 करोड़ 11 लाख 92 हजार रुपए के 61 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 35 कार्य 43.45 करोड़ के लोकार्पण 26 कार्य 83.66 करोड़ के शिलान्यास शामिल हैं।

- कोंडागांव में गाड़ा समाज बूढ़ादेव महोत्सव में हुए शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में माओवाद तेजी से समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में लाया जा रहा है।

सीएम मुख्यमंत्री साय ने बताया कि राज्य सरकार ने कम समय में ही शिक्षा, कृषि, आवास, तेंदुपत्ता, चरणपादुका और महतारी वंदन योजना के तहत लाखों हितग्राहियों को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को समृद्ध राज्य बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले के लिए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएँ की कोनगुड़, धनोरा मार्ग के लिए 90 लाख रुपए केशकाल, विश्रामपुरी मार्ग के लिए 39 करोड़ रुपए कुधूर में 100 सीटर जनजातीय बालिका छात्रावास के लिए 2.71 करोड़ रुपए साथ ही बहुगतिविधि, दिव्यांग सेंटर व कोचिंग सेंटर के लिए 1.5 करोड़ रुपए देने का आश्वासन दिया।



### मोहरी वाद्य के सामूहिक वादन से हुआ स्वागत

मुख्यमंत्री का स्वागत गाड़ा समाज के पारंपरिक वाद्य मोहरी के सामूहिक वादन से किया गया। मुख्यमंत्री ने बूढ़ादेव की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। एनआरएलएम की कॉफी टेबल बुक का विमोचन बाल्यावस्था देखभाल आधारित पुस्तिका का विमोचन एचआरपी हेल्पलाइन नंबर, हेलमेट बैंक और सुपोषित विकास चार्ट का शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, एसपी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। गाड़ा समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी महोत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### कोंडागांव आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज कोंडागांव पहुंचे, जहां आईटीबीपी हेलीपेड में उनका स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय के स्वागत में कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कांकेर सांसद भोजराज नाग बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम कांकेर विधायक आशा राम नेताम नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी पूर्व विधायक सेवक राम नेताम इन सभी ने गर्मजोशी से मुख्यमंत्री का स्वागत कर उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, दीपेश अरोरा, कुलवंत चहल सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। गाड़ा समाज के पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत कर कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित गाड़ा समाज के बूढ़ा देव महोत्सव, तथा लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस अवसर पर जिले में विकास और सामाजिक सहभागिता की दिशा में अनेक विषयों पर चर्चा एवं मार्गदर्शन दिया गया।*

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के सचिव गायत्री साय द्वारा समर्पण वृद्धा आश्रम, कोण्डागांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। सचिव गायत्री साय ने आश्रम में रह रहे सभी वरिष्ठजनों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, भोजन की गुणवत्ता, आवास सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, तथा अन्य दैनिक आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी ली। वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी आवश्यकताओं व समस्याओं के बारे में खुलकर जानकारी साझा की। निरीक्षण के दौरान सचिव ने यह सुनिश्चित किया कि भरण–पोषण की व्यवस्था, समयबद्ध चिकित्सा सहायता, अभिलेखों का रख–रखाव, तथा वरिष्ठजनों की सुरक्षा अधिनियम के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित हो रहे हों। उन्होंने स्टाफ को नियमित निगरानी और सुधारात्मक कदम उठाने के स्पष्ट निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान वृद्धा आश्रम की संचालक रेणुका नागवंशी, अधिकार मित्र पारेश्वर देवांगन, रंजन बैध, तथा आश्रम के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स सेक्टर प्रतियोगिता में गुंडाधूर कालेज ने जीता ओवरऑल चैम्पियन का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एथलेटिक्स सेक्टर प्रतियोगिता में शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों वर्गों में ओवरऑल चौंपियन बनकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। यह प्रतियोगिता शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के उत्तर बस्तर सेक्टर के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के बीच आयोजित की गई थी।

- पुरुष वर्ग में 4 स्वर्ण, 6 रजत, 2 कांस्य, 96 अंकों के साथ बनी विजेता

पुरुष खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 4 स्वर्ण, 6 रजत और 2 कास्य पदक जीते। पुरुष वर्ग के प्रमुख परिणाम प्रेमराज मरकाम 400 मीटर द्वितीय, 800 मीटर प्रथम, सोनू नेताम 400 मीटर तृतीय, सोनू मरकाम 1500 मीटर प्रथम, परमेश्वर 1500 मीटर द्वितीय, 5000 मीटर तृतीय, मनोज दुग्गा 400 मीटर हर्डल द्वितीय, नकुल राम ऊँची कूद द्वितीय, गोला फेंक द्वितीय, रतेन लंबी कूद प्रथम, बामन मंडावी भाला फेंक प्रथम, महिला वर्ग 80 अंक के साथ चौंपियन महिला खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कास्य पदक अपने नाम किए। प्रमिला कश्यप 100 मीटर हर्डल प्रथम, त्रिकूद द्वितीय, सिमरन 200 मीटर तृतीय, सनमति नेताम 400 मीटर प्रथम, सरस्वती 800 मीटर प्रथम, 5000 मीटर तृतीय, मनीषा 1500 मीटर द्वितीय, भवनबती गोला फेंक द्वितीय, भाला फेंक तृतीय, महाविद्यालय प्रशासन की प्रतिक्रिया क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने कहा उन्होंने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई माह से सभी खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी सतत परिश्रम का परिणाम है कि हमारे छात्र–छात्राएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम का संदेश उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा हमारे छात्र–छात्राएं सीमित संसाधनों के बावजूद अनुशासन, समर्पण और मेहनत के साथ उत—ष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ओवरऑल चौंपियन बनना कोंडागांव जिले के लिए गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर

खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक जीत पर सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने हार्दिक बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

### भोंगापाल में बाइक से गिरा परिवार, तीनों घायल



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम भोंगापाल में रविवार की शाम बाइक से गिरकर ग्राम मोदे निवासी छबिलाल नाग पिता स्व मस्सू राम उम्र 30 वर्ष और उसकी पत्नी सनबती नाग उम्र 27 और 4 साल की मासूम बेटी वेदिका नाग तीनों बाइक से गिरकर घायल गए. ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को उपचार हेतु फरसगाँव का अस्पताल में लाया गया। छबीलाल को कमर में अंदरुनी चोट आने से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु रिफर किया गया. जानकारी के अनुसार छबिलाल अपनी पत्नी और बेटी के साथ अपने ससुराल गया हुआ था, ससुराल से वापस आने के दौरान भोंगापाल के पास यह हादसा हुआ।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद की सामान्य प्रतिनिधिसभा में जिला इकाई को मिला उत्कृष्ट जिला सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की सामान्य प्रतिनिधि सभा बैठक आज ब्लैक पेपर रेस्टोरेंट, अभनपुर में प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉ. हरिंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत भारत माता व शहीद जवानों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगान, राज्य गीत और संगठन गीत के साथ की गई।

- प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉ. हरिंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में अभनपुर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय बैठक

कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारियों, सभी जिला इकाइयों के जिला अध्यक्षों तथा सैन्य मातृशक्ति की जिला इकाइयों ने अपने–अपने जिले के वर्षभर के गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। वर्षभर किये गए उल्लेखनीय कार्यों, संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के आधार पर जिला इकाई कोंडागांव को उत्कृष्ट जिला के रूप में चयनित किया गया। प्रदेश नेतृत्व ने कोंडागांव इकाई को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। संगठन ने कहा कि कोंडागांव ने विभिन्न गतिविधियों में अनुकरणीय कार्य कर अन्य जिलों के लिए मिसाल पेश की है।

### पूर्व सैनिकों एवं सैन्य मातृशक्ति का भी सम्मान

बैठक में विभिन्न क्षेत्रें में सराहनीय योगदान देने वाले कई पूर्व सैनिकों एवं सैन्य मातृशक्ति की महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। परिषद ने उनके सेवा–भाव, सामाजिक योगदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रशंसा की।

### कोंडागांव टीम की उपस्थिति

इस अवसर पर कोंडागांव जिला इकाई से सुब्रत साहा, संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सूरज यादव, जिला अध्यक्ष सोमेश्वर भारती, कोषाध्यक्ष रतिराम सोरी, सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# अबूझमाड़ में जपं अध्यक्ष ने किया आश्रम शालाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर



अबूझमाड़ के दुर्गम क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा और उनकी बुनियादी सुविधाओं को लेकर जनपद पंचायत ओरछा के अध्यक्ष नरेश कोर्राम ने सराहनीय पहल करते हुए क्षेत्र की आश्रम शालाओं का औचक निरीक्षण किया। अध्यक्ष नरेश कोर्राम जाटलूर, कुड़मेल और ढोढरबेड़ा के बालक आश्रमों में स्वयं बाइक पर सवार होकर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अध्ययन किया।

अबूझमाड़ जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले इलाके में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने और बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों तथा छात्रों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, कक्षाओं की स्थिति और उनकी रुचियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी बातें रखीं और अपनी दैनिक दिनचर्या, पढ़ाई और गतिविधियों से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने आश्रमों में बच्चों के रहने-खाने की गुणवत्ता, शालाओं की सफाई, पेयजल, शौचालय और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी एकत्र की। वर्तमान में क्षेत्र में बढ़ती सर्दी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विशेष रूप से गर्म कपड़े, स्वेटर, मोजे और कंबल की उपलब्धता की जांच की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या उन्हें ठंड से बचने के लिए पर्याप्त सुविधा मिल पा रही है या नहीं। इस दौरान उन्होंने वार्डन और शिक्षकों को निर्देश दिए कि किसी भी बच्चे को ठंड से संबंधित परेशानी न हो इसके लिए आवश्यक वस्तुएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। भोजन व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की गई। अध्यक्ष ने स्वयं भोजन का स्वाद चखकर उसकी गुणवत्ता का मूल्यांकन किया और रसोईघर की साफ-सफाई तथा खाद्य सामग्री के उचित भंडारण की भी समीक्षा की। उन्होंने सुनिश्चित किया कि बच्चों को पौष्टिक और संतुलित भोजन ही दिया जाए।

### अभिभावकों से संपर्क बनाए रखने के दिए निर्देश

अध्यक्ष नरेश कोर्राम ने शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई में और अधिक रुचि पैदा करने, नियमित कक्षाएं संचालित करने एवं अभिभावकों से संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ के बच्चे प्रतिभावान हैं और उन्हें उचित अवसर मिलें तो वे हर क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आश्रमों की किसी भी प्रकार की कमी या आवश्यकताओं को शीघ्र ही संबंधित विभागों के माध्यम से पूरा करवाया जाएगा। उनका कहना था कि "इन बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखना और उन्हें बेहतर शिक्षा-सुविधा उपलब्ध कराना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।"

### पहल ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

जनपद पंचायत अध्यक्ष की यह पहल न केवल बच्चों में उत्साह बढ़ाने वाली रही, बल्कि आश्रम शाला संचालकों और शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाली साबित हुई। दुर्गम अबूझमाड़ में इस तरह का नियमित निरीक्षण प्रशासनिक संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। अध्यक्ष ने अंत में कहा कि वे नियमित रूप से ऐसे निरीक्षण करते रहेंगे ताकि हर बच्चा सुरक्षित, स्वस्थ और शिक्षित वातावरण में अपना भविष्य संवार सके।

## बस्तर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कोंडागांव के स्वयंसेवक और अधिकारी शामिल

# मनाली साहसिक शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर, मनाली हिमाचल प्रदेश में कोंडागांव जिले के एनएसएस स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी पी.सी. ठाकुर ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई है। यह शिविर 10 नवंबर से 19 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

- 10 से 19 नवंबर तक चल रहे शिविर में रोज नई साहसिक गतिविधियां

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीव कुमार, जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरला आत्रम एवं कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटई के मार्गदर्शन में शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के स्वयंसेवक, खिलेंद्र नेगी, अंजू बोस, डॉली ठाकुर, मूंजी बघेल, वेश कुमार, चंद्रशेखर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेन्दरी के कार्यक्रम अधिकारी पूनमचंद ठाकुर छत्तीसगढ़ दल के साथ मिलकर बस्तर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पहला से तीसरा दिवस पंजीयन, संग्रहालय भ्रमण और ट्रैक 10 नवंबर को स्वयंसेवकों का पंजीयन किया गया और स्थानीय संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। इसके बाद उन्हें माउंटेनियरिंग उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। 11 नवंबर को वॉल क्लाइंबिंग और 12 नवंबर को मनाली से सोलंग वैली तक अक्लमेटाइजेशन ट्रैक आयोजित हुआ।

### 9000 फीट ऊंचा धवला धर पर्वत चौथे दिवस का मुख्य आकर्षण

चौथे दिन स्वयंसेवकों ने लगभग 9000 फीट ऊँचे धवला धर पर्वत पर चढ़ाई की। फात्रू क्षेत्र में प्रशिक्षण के बाद उसी पर्वत पर स्थित माँ अंजनी महादेव मंदिर का भी दर्शन करवाया गया। पांचवें और छठवें दिवस रिवर क्रॉसिंग से लेकर माउंटेनियरिंग कार्यशाला तक पांचवें दिन स्वयंसेवकों को रिवर क्रॉसिंग, टेंट मेकिंग, घायल पर्वतारोही को सुरक्षित ले जाने की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छठवें दिन सोलंग वैली से लौटकर अटल बिहारी वाजपेयी कार्यशाला, मनाली में पर्वतारोहण से जुड़ी विशेषज्ञ जानकारी दी गई।

### हडिंबा मंदिर दर्शन एवं रॉक क्लाइंबिंग : सातवां दिवस

सातवें दिन स्वयंसेवकों ने विश्व प्रसिद्ध माँ हडिंबा मंदिर का दर्शन किया और स्थानीय संस्कृति एवं जनजीवन से जुड़े पहलुओं को जाना। इसके बाद रॉक क्लाइंबिंग गतिविधि आयोजित की गई। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित यह शिविर स्वयंसेवकों को प्रतिदिन नई–नई गतिविधियों और रोमांचक अनुभवों से परिचित करा रहा है। शिविर का समापन 19 नवंबर 2025 को होगा।

### आग में झुलसा बुजुर्ग, हालत गंभीर, जिला अस्पताल में हुआ रेफर

***फरसगांव।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पतोडा मे सोमवार को सुबह 70 वर्षीय बुजुर्ग निर्धत नेताम पिता स्व मंगलसाय आग में बुरी तरह झुलस गया, जिसे परिजनों के द्वारा उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार बुजुर्ग घर में आग के किनारे बैठा हुआ था इसी दौरान अचानक आग मे गिर गया। बुजुर्ग के सीने से लेकर पैर के ऊपर का हिस्सा बुरी तरह चल गया है।*

पेज 9 के शेष

### शिक्षा ही विकास....

के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने की बात कहते कहा कि 15 साल रमन सरकार और वर्तमान में विकास के काफी काम हुए हैं। मुख्यमंत्री ने स्कूल के जीर्णोद्धार के लिए डेढ़ करोड़ तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने आश्वस्त किया। उन्होंने इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा स्कूल परिवार को प्रदत्त दो ड्रोन टोकन के रूप में प्रदान किए। उनके द्वारा स्कूल को पचास ड्रोन देने और अपने खर्च से 2 कक्ष को स्मार्ट क्लास बनाने की पहल का स्वागत करते सराहा । जिन्होंने अपने दिवंगत पिता ठाकुर देवेन्द्र सिंह और माता शारदा ठाकुर के स्मृति में योगदान दिया है, जिसका मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम परिजात प्रजाति के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम का ध्वजारोहण सहित मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय के स्मारिका का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी के पिता की स्मृति में आयोजित न्योता भोज में स्कूली बच्चों को भोजन परोसा।

इनकी रही उपस्थिति : कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, छत्तीसगढ़ बेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पाण्डे तथा अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आई जी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित स्कूल के पूर्व और वर्तमान छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### युवाओं ने नशा मुक्ति पर किया विचार विमर्श



**जगदलपुर।** बौद्धिक परिचर्चा में जांजगीर चांपा से आए निखिल कुमार ने युवाओं में नशापान एवं उसका शिक्षा पर पड़ता प्रभाव विषय पर विचार रखे। उन्होंने बताया कि 10वीं के बाद रोजगार के बहुत से अवसर संभव हैं। क्रीडा अभ्यास के पश्चात ग्राम संपर्क कर युवा समीक्षा बैठक में नशामुक्ति के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल सिंह ठाकुर, वाणी हुमने एवं लोकेश निषाद एवं वॉलिंटियर्स उपस्थित थे।

### नवीन आधार सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम में रविवार को नवीन आधार सेवा केंद्र एवं सीएससी का शुभारंभ किया गया। नया केंद्र शुरू होने से आधार कार्ड से संबंधित कार्य उपलब्ध होंगे। महापौर संजय पाण्डेय ने बताया कि नगर निगम में लंबे समय से आधार सेवा केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। जिला प्रशासन से निरंतर प्रयासों और संवाद के बाद यह केंद्र स्थापित हो सका है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पार्षदों बल्कि आम नागरिकों को भी त्वरित और सुगम सेवाओं का लाभ मिलेगा।

शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, संग्राम सिंह राणा, पार्षद आशा साहू, पूनम सिन्हा, उर्मिला यादव, गीता नाग, सूरज श्रीवास्तव, गोविन्द पप्पू वर्मा, रजनीश सिन्हा, अशोक तिवारी, रितेश सिन्हा, लोक सेवा केंद्र के संचालक सुप्रीयो मुखर्जी उपस्थित रहे।

### वर्षों बाद जब गुरु, शिष्य और सहपाठी मिले तो विद्यालय परिसर में पुराने दिन की यादें हुई ताजा

# किसी ने पांव छुए तो किसी ने गले लगकर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, उद्योगपति सभी लौटे अपने पढ़े स्कूल में
- शताब्दी समारोह में दिखी मित्रता, सम्मान और भावनाओं का अद्वितीय संगम

जगतु महारा बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सोमवार को हुए शताब्दी समारोह में वर्षों बाद विद्यार्थियों का समागम हुआ। 1956 से 1995 तक पढ़े सैकड़ों विद्यार्थी विदेश और देश के विभिन्न प्रांतों से लौटे तो विद्यालय परिसर भावनाओं और यादों से भर उठा। सबसे अद्भुत दृश्य तब दिखा जब पहली पंक्ति में बैठे अपने गुरुजनों बीएनआर नायडू ,केएम शुक्ला, दुबे सर सहित अन्य शिक्षकों को देखकर पूर्व विद्यार्थी भावुक हो उठे और पांव छूकर आर्शीवाद लिया।

सेवानिवृत्त आईएएस त्रिलोक महावर का उत्साह देखते ही बनता था । वे लगातार अपने पुराने साथियों के साथ सेल्फी लेते रहे। कार्यक्रम में लुनिया परिवार से श्रीचंद, विमल, निर्मल, अशोक और अजय लुनिया आकर्षण का केंद्र बने रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में रायपुर में बसे निर्मल लुनिया का नाम लेते कहा कि प्रदेश विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। जापान दौरे में भी साथ रहे। वहीं समारोह में उत्कृष्ट सहयोग के लिए अजय लुनिया को महापौर संजय पांडे ने सम्मानित किया।









समारोह में पूर्व छात्रों की लंबी कतार दिखी सूरजपुर के डीआईजी प्रशांत ठाकुर, डॉ जेडी दुल्हानी, डॉ रिजवी, डॉ संजय बसाक, प्रोफेसर, व्यापारी और वरिष्ठ अधिकारी एक साथ दिखे। 1978 बैच के विधायक किरण देव के मित्रगण दर्शक दीर्घा में साथ बैठे रहे। इनमे सुशील दत्ता, जगदीश मिश्रा, योगेंद्र मोतीवाला, रितेश सोनी, पवन भदोरिया, परमिंदर सूरी, सुभाष अग्रवाल, धर्मेंद्र चावड़ा, श्रीकांत बरबरवार,डॉ हेमंत कुमार, डॉ एसके पामभोई, डॉ आरबीएस गुप्ता, नरेश कौशिक, जगदीश मोर्य,इम्तियाज मीर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र झा, इस विद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ सुषमा झा, पूर्व शिक्षिका सेन मेडम सहित कई लोग मौजूद रहे।

#### समारोह में रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में विधायक व प्रदेशाध्यक्ष किरण देवसिंह, मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, राकेश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, मनीष सखलेचा, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, प्राचार्य बीएस रामकुमार, शिक्षक अतुल शुक्ला, पवन दीक्षित, हरेंद्र सिंह राजपूत, धर्मेंद्र पटनायक, सुभाष श्रीवास्तव, अजय लुनिया, अनिल लुंक्कड़ और शैलेन्द्र ठाकुर समेत अनेक शिक्षकों ने उल्लेखनीय जिम्मेदारी निभाई। संचालन धर्मेंद्र ठाकुर ने किया।

### आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर प्रवास पर सोमवार को हेलीकॉप्टर से जगदलपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी पहुंचे। एयरपोर्ट पर सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव, विनायक गोयल, बेवरेज कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, महापौर संजय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, सभापति खेमसिंह देवांगन, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, नगर निगम के एमआईसी के सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, आईजी सुंदरराज पी., कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी ने आत्मीय स्वागत किया।

## भौतिक भूगोल समझने का महत्वपूर्ण स्थल टोपर जलप्रपात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विवि के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के भूगोल अध्ययनशाला द्वारा रविवार को अध्ययन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके अंतर्गत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को भौतिक भूगोल विषयानुसार उदिर नदी पर स्थित टोपर जलप्रपात का अध्ययन कराया गया। जगदलपुर से लगभग 30 किमी दक्षिण-पूर्व स्थित यह स्थल विद्यार्थियों के लिए प्रकृति की वास्तविक प्रयोगशाला साबित हुआ।

विद्यार्थियों ने जलप्रपात क्षेत्र में पाए जाने वाले अवसादी शैलों की संरचना, जल प्रवाह से होने वाले कटाव तथा रासायनिक, भौतिक और जैविक अपक्षय की विभिन्न प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया। अध्ययन दल ने स्थल पर होने वाली अपघर्षण, संघर्षण और अन्य भू-आकृतिक प्रक्रियाओं को समझते हुए प्राकृतिक भू-आकृतियों के निर्माण से लेकर उनके परिवर्तन तक की वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त की। यह भ्रमण विद्यार्थियों को पर्यटन भूगोल,भौतिक भूगोल तथा प्राकृतिक स्थलरूपों के व्यावहारिक अध्ययन में समृद्ध करने में उपयोगी सिद्ध हुआ।



#### विद्यार्थियों के लिए प्राकृतिक प्रयोगशाला साबित हुआ

टोपर जलप्रपात विद्यार्थियों के लिए प्राकृतिक प्रयोगशाला साबित हुआ। जहां उन्होंने अवसादी शैलों, कटाव, अपक्षय और भू-आकृतिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। क्षेत्र भ्रमण ने भौतिक भूगोल की अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप में समझने का अवसर मिला।

## वैक्सीनेशन में फार्मासिस्ट की भूमिका पर विचार विमर्श



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का शुभारंभ

दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी बोरपदर में सोमवार को राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ श्रुतिरंजन मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल डॉ राम प्रसाद पाढ़ी, अमृता नायक एवं विजयलक्ष्मी ने इस वर्ष की थीम टीकाकरण में फार्मासिस्ट की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए फार्मासिस्टों की वैक्सीनेशन में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। फार्मेसी कॉलेज में सप्ताह भर विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमे कॉलेज के छात्र-छात्राएं सम्मलित होंगे। राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अंतर्गत कॉलेज में खेलकूद, नृत्य, गायन,रक्तदान शिविर,अग्नि सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम,ओरल एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, जागरूकता और व्यावसायिक दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## सहकारिता से जुड़ने पर मिलती है आर्थिक संपन्नता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कोंडागांव जिला के विश्रामपुरी में हुआ सहकारिता सप्ताह

बस्तर जिला सहकारी संघ जगदलपुर के अध्यक्ष वेदांत दीक्षित के मार्गदर्शन में विश्रामपुरी जिला कोंडागांव के सभागार में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि लक्ष्मीनाथ पटेल, अध्यक्षता बाल सिंह नेताम और विशेष अतिथि सतीश नेताम की उपस्थिति में गोष्ठी आरंभ हुआ।

विवेक पांडे जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक ने ग्रामीण भारत की चुनौतियों खंडित भूमि, सीमित बाजार पहुंच, कृषि उपज का निम्न मूल्यांकन, मौसम जोखिम और अनौपचारिक रोजगार का विश्लेषण प्रस्तुत किया। संचालन राज्य सहकारी संघ के प्रशिक्षक मितेश पाणिग्रही ने किया। समापन में बस्तर जिला सहकारी संघ के प्रबंधक चंद किशोर द्विवेदी ने अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गोकुल कुमार यादव, विवेक संतोष साहू,शाखा प्रबंधक लोकेश्वर साहू, लैंम्प्स विश्रामपुरी के सहकारी सदस्य,कृषक बंधु तथा संघ के संजय यादव,रोमांचल पाणिग्रही सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### सहकारिता गांव में आर्थिक संपन्नता

मुख्य अतिथि ने कहा कि सहकारिता न केवल रोजगार सृजन करती है बल्कि गांव में आर्थिक संपन्नता की नींव भी बनाती है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक सहकारी समितियों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम अध्यक्ष ने सहकारिता सप्ताह के बाद भी इस तरह की उपयोगी गोष्ठियां निरंतर आयोजित करने का आग्रह किया ताकि सहकारिता आंदोलन की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़ें।

### 500 मीटर लंबी ध्वज बना आकर्षण का केंद्र

**बकावंड।** बोधिसत्व आंबेडकर फाउंडेशन भिलाई के सदस्यों के आव्हान पर महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में विशाल धम्म ध्वज धम्म संवाद कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में उपस्थित भंते विनाचार्य एवं अन्य भंते और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। 500 मीटर लंबी ध्वज शहर में आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुचिता ताई, वानखेड़े दंपत्ति, कमलेश रामटेके, विजय बोरकर , रामू गनवीर, स्वाति वासनीकर, चौहान दंपत्ति, अंबिका मेश्राम, सहारे दादा एवं अन्य का योगदान सराहनीय रहा। दि बोधिसत्व आंबेडकर फाउंडेशन के सदस्य सिंधु वैध, किरण सुखदेवे, अर्चना सहारे, सुभाष बांसोड़कर, पीयूष वासनिक एवं मनीष दनान धम्म ध्वज यात्रा में शामिल रहे।



## धनपुंजी और कोलावल चेक पोस्ट में हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अवैध धान परिवहन रोकने सीमावर्ती क्षेत्र में चौकसी
- चेक पोस्ट और कंट्रोल रूम से निगरानी

धान खरीदी सीजन के दौरान जिले में अवैध धान के परिवहन और बाहरी राज्यों से धान की आवक पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग सख़्त कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन की ओर से धनपुंजी और कोलावल में चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं जहां 24 घंटे जांच की जा रही है।

अवैध धान के परिवहन को रोकने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 7489807170 जारी किया गया है जिस पर कोई भी नागरिक अवैध धान, कोचियों की गतिविधियों या अन्य राज्य से आने वाले धान की सूचना दे सकता है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को भी जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है।

अपर कलेक्टर सी पी बघेल ने बताया कि प्रशासन द्वारा अवैध खरीद-फरोख्त में शामिल कोचियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार संदिग्ध स्थानों और कोचियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई का उद्देश्य किसानों को उचित समर्थन मूल्य दिलाना और अवैध धान व्यापार पर पूर्ण रोक लगाना है। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना कंट्रोल रूम में दें ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन की रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा सुकमा पहुंची

आम आदमी पार्टी की छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा सोमवार को कोंडागांव व बीजापुर होते हुए सुकमा पहुंची। 15 से 19 नवंबर तक चलने वाली यह प्रदेशव्यापी यात्रा रायपुर से प्रारंभ होकर कोंडागांव-बीजापुर-सुकमा-दंतेवाड़ा होते हुए जगदलपुर में समाप्त होगी। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में निकली इस यात्रा का बीजापुर के बड़ेरुडरा में देवा कवासी के नेतृत्व में स्वागत हुआ। जायसवाल ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती से प्रारंभ हुई यह यात्रा छत्तीसगढ़ के जल-जंगल-जमीन की रक्षा का अभियान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद राज्य सरकार पेसा कानून लागू नहीं कर रही, जिससे आदिवासियों के अधिकारों का हनन हो रहा है।





उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदिवासी कुचले जा रहे हैं। बढ़ते बिजली दर, किसानों की समस्याएं, युवाओं में बेरोजगारी, शिक्षा-स्वास्थ्य की बदहाल व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकारें सिर्फ वादे कर जनता को छल रही हैं। यात्रा में प्रदेश महासचिव वदूदआलम, देवीलाल नरेटी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष भानु प्रकाश चंद्रा,मेहर सिंह वट्टी, उपाध्यक्ष दुर्गा झा, संगठन मंत्री तेजेंद्र तोड़ेकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मिथिलेश बघेल,ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुन्ना बिसेन,युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ईमरान खान,लोकसभा उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग,बलौदाबाजार जिलाअध्यक्ष भुनेश्वर डहरिया साथ ही सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

#### यात्रा में ली सदस्यता

जायसवाल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने बस्तर के विकास की कीमत पर केवल अपने राजनीतिक परिवारों का विकास किया है। बस्तर के जंगलों को उद्योगपतियों को सौंपने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आप पार्टी जनता के अधिकारों और बेहतर भविष्य की लड़ाई लड़ रही है। सुकमा में आज अनेक युवाओं और ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

#### छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा का उद्देश्य जनजागरण

जल-जंगल-जमीन की रक्षा,आदिवासियों के हक की लड़ाई और बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की व्यवस्था के लिए जनजागरण मुख्य उद्देश्य है।

